जागरण : नर्मदापुरम् : इटारसी : बैतूल : हरदा

www.dainikjagranmpcg.com ✹ सिवनी-मालवा ✹ पिपरिया ✹ सोहागपुर ✹ मुलताई ✹ सारनी ✹ आमला ✹ टिमरनी ✹ खिरकिया भोपाल 26 मई 2025


### प्रदेश सरकार 24 घंटे बिजली देने का काम कर रही है : विजयपाल सिंह

# विधायक ने ग्राम मरोड़ा पहुंचकर मौके पर करवाई बिजली व्यवस्था बहाल



**जागरण, नर्मदापुरम।** एक ओर गर्मी की वजह से लोगों को बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर बिजली विभाग द्वारा बिजली कटौती कर लोगों की समस्या बढ़ाई जा रही है। जिले में कई जगह मेंटेनेंस के चलते एवं अन्य कारणों से बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे ही मरोड़ा, सोनतलाई, सिलारी, लोहारिया, ताराराेडा आदि ग्रामीण क्षेत्र में बिजली विभाग द्वारा बिजली आपूर्ति बंद कर दी गयी जिससे गर्मी के मौसम में ग्रामीणों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। इसके लिए ग्रामीणों द्वारा अधिकारियों से बार-बार निवेदन भी किया जा रहा था लेकिन इसके बावजूद बिजली विभाग द्वारा ग्रामीणों की समस्या का निदान नही किया गया। ग्रामीणों को समस्या से निजात दिलाने के लिए रविवार को सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह खुद मौके पर जाकर बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ शिविर लगाकर चर्चा कर, ग्रामीणजनों की समस्या का निदान करवाया गया। विधायक विजयपाल सिंह द्वारा आमजन को समय पर बिजली बिल भुगतान करने समझाईश दी गई और मौके पर ही शिविर में संबंधित ग्राम के ग्रामीणों से बिजली बिल का भुगतान करवाया और सम्बन्धित ग्रामों से लाखों रुपए का बिजली बिल का भुगतान हुआ। सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ने बताया कि विगत दिनों से सोहागपुर विधानसभा में रामपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले मरोडा, सोनतलाई, सिलारी, लोहारिया, ताराराेडा सहित कई गॉवों में बिजली विभाग द्वारा बिजली की आपूर्ति पूर्णतः बंद कर दी गई थी। जिससे ग्रामीण जन इस भीषण गर्मी में परेशान थे। विधायक श्री सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में 24 घंटे गांवों से लेकर शहरों तक बिजली देने का काम कर रही है और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से बिजली बिल माफ ओर कम किया जा रहे हैं।

शिविर में कुछ ग्रामीणों का कहना था कि नियमित भुगतान के बाद भी बिल में अतिरिक्त चार्ज किया रहा है। वहीं शिविर में मौजूद बिजली के वरिष्ठ अधिकारी उपमहाप्रबंधक श्री पांडे द्वारा बताया गया कि अधिकांश ग्रामीणों के बिल भुगतान ना होने के कारण बिजती आपूर्ति बंद की गयी थी, जिसे आंशिक भुगतान के पश्चात पुनः बहाल किया जा रहा है। बिजली कटौती के संबंध में सोहागपुर विधायक श्री सिंह ने बताया कि कांग्रेस के राज गांवों से लेकर शहरों तक बिजली की घंटों घंटों तक कटौती होती थी और आज किस मुंह से कांग्रेस वाले बोल रहे हैं कि गांवों में बिजली नहीं रहती। कांग्रेस केवल जनता को गुमराह करने का काम करती है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला प्रशासन को बिना सूचना दिए धरना प्रदर्शन किया यह एक अशोभनीय काम है। जो कांग्रेस कार्यकर्ता धरना देने आए थे उनमें से बहुत से कार्यकर्ताओं का बिजली बिल जमा नहीं था। विधायक ने कहा कि प्रजातंत्र में धरना करने का अधिकार है परन्तु शासन की बिना अनुमति के धरना प्रदर्शन करना अपराध होता हैं, कांग्रेस कार्यकर्ताओं के धरना प्रदर्शन से आम नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा और ट्रैफिक जाम रहा यह एक अशोभनीय काम है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं के धरना प्रदर्शन से आम नागरिकों को जो परेशानियों हुई है कांग्रेस कार्यकर्ताओं के खिलाफ उचित कार्यवाही की जाए।

# अस्पताल में जीवन रक्षक दवाओं का टोटा बाजार से खरीदने को विवश हो रहे परिजन

**जागरण, सोहागपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सुविधाएं दम तोड़ रही हैं। आपातकाल में यहां जीवन रक्षक दवाओं का टोटा है जिसके कारण मरीजों के परिजनों को इमरजेंसी में दवाई भी बाजार से खरीदने को विवश होना पड़ रहा है। विगत दिनों बिहारी चौक निवासी व्यापारी अशोक साहू को अचानक से हार्ट में तकलीफ हुई तो उन्हें उनके परिजन प्राथमिक उपचार हेतु स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे लेकिन यहां पर मेडिकल इमरजेंसी के बावजूद कोई चिकित्सक मौके पर मौजूद नहीं मिला। जैसे तैसे मेडिकल स्टाफ की सूचना से ड्यूटी डॉक्टर पहुंचे। यहां ऑक्सीजन लगाने के लिए उसका मास्क ही नहीं था परिजनों को आनन-फानन में मास्क खरीदने एवं त्वरित तकलीफ से शीघ्र निजात हेतु दवाइयां को खरीदने के लिए के लिए मेडिकल की दुकान पहुंचाया गया। हालत बिगड़ती देख ड्यूटी डॉक्टर ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों के मुताबिक मरीज को जिला अस्पताल ले जाने के लिए जो एंबुलेंस उपलब्ध कराई वह खटारा थी। हमने दूसरी एंबुलेंस की मांग की तो बोला गया कि वह एंबुलेंस अभी ही आई है इसलिए वह अब नहीं जाएगी आपको जाना है तो इसी एंबुलेंस से जाना होगा। इसके अतिरिक्त एम्बुलेंस में ऑक्सीजन का भरा हुआ सिलेंडर भी नहीं था। यहां मरीज को शीघ्र उपचार हेतु रेफर किया जा रहा था लेकिन उसे प्राण वायु देने के लिए ऑक्सीजन ही नहीं थी। मरीज की गंभीर अवस्था के दौरान ही कर्मचारी के द्वारा खाली सिलेंडर को हटाने एवं नए सिलेंडर को लगाने में वक्त जाया किया गया। ऑक्सीजन का जो मास्क परिजन बाजार से खरीद कर लाए थे उसे लगाने को कहा गया तो ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी उस मास्क को भी नहीं लगा सके। ऑक्सीजन सिलेंडर की नली सीधी मरीज की नाक में लगा दी गई। एंबुलेंस के अंदर ऑक्सीजन सिलेंडर रखने की कोई व्यवस्था नहीं थी। परिजनों को सोहागपुर से नर्मदापुरम तक पत्थर के सहारे ऑक्सीजन के सिलेंडर को खड़ा कर एक तार की सहायता से बांधकर और हाथ से पकड़ कर ले जाना पड़ा। हालांकि 17 तारीख को ही रात्रि में अशोक साहू का देहावसान हो गया लेकिन उनके परिजनों के सामने दम तोड़ती स्वास्थ्य सुविधाओं ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। परिजनों का कहना है कि इस प्रकार की पुनरावृत्ति ना हो इसके प्रयास सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रबंधन को करने चाहिए। क्योंकि मरीज को रेफर करने के लिए एंबुलेंस की सुविधा प्रतिदिन ही लगती है तो वहीं इमरजेंसी केस में ऑक्सीजन भी मरीज को देनी ही पड़ती है। गौरतलब है कि सोहागपुर में दशकों से चिकित्सकों की कमी रही है। सीएचसी में कुछ विशेषज्ञ डॉक्टरों के पद स्वीकृत होने के बावजूद भी उनकी पूर्ति नहीं हो सकी है। यहां तक की जो स्वास्थ्य सुविधाएं केंद्र के माध्यम से मरीजों को सहज रूप से उपलब्ध कराई जा सकती हैं उन्हें उपलब्ध कराने में भी अस्पताल प्रबंधन नाकाम नजर आ रहा है। नागरिकों ने जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक आला अधिकारियों से स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण कर कर्मियों को जानने सहित बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में पहल करने की अपील की है।

### सिविल अस्पताल का किया जा रहा उन्नयन

विधायक विजयपाल सिंह की विशेष प्रयासों से 9 करोड़ रुपए से अधिक राशि की लागत से सिविल अस्पताल की इमारत बनने का काम शुरू हुआ है। ऐसा माना जा रहा है कि जब यहां सिविल अस्पताल बनकर तैयार हो जाएगा तो अपने आप समूची व्यवस्था बेहतर हो जाएगी। विधानसभा मुख्यालय पर क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का उन्नयन 50 विस्तरीय सिविल अस्पताल के रूप में हुआ है।

**इनका कहना है....**

मास्क से बेहतर ऑक्सीजन की सप्लाई मरीज को सीधे नली से देना बेहतर होता है। ऑक्सीजन सिलेंडर को स्थिर रखने के लिए एंबुलेंस के अंदर स्टैंड मौजूद है। सिलेंडर का बाल्ब खोलने के लिए एंबुलेंस के अंदर कर्मचारी पत्थर रख लेते हैं।

**डॉ. संदीप केरकेट्टा,**
**सीबीएमओ, सोहागपुर**

# बाबूजी सरताज सिंह के परिजन एवं प्रशंसकों ने वृद्धाश्रम में मनाई जयंती




**जागरण, नर्मदापुरम।** क्षेत्र के कद्दावर भाजपा नेता बाबूजी के नाम से लोकप्रिय पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. सरताज सिंह की जयंती के पूर्व दिवस पर रविवार को परिजनों एवं प्रशसंकों ने बांद्राभान स्थित वृद्धाश्रम में सादगीपूर्ण तरीके से जयंती मनाई। बुजुर्गों के बीच पहुंचे बाबूजी के परिजनों ने आश्रम के लिए बिस्तर, तकिये, चादर आदि दान किए। वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था परिजनों द्वारा की गयी। भाजपा नेता दिनेश तिवारी ने बाबूजी के जीवन संघर्ष और उनकी राजनैतिक लोकप्रियता जनमानस के बीच उनके प्रभाव और समाज के अंतिम तबके के लिए बाबूजी की विचारधारा को इंगित करते हुए कहा कि उनकी जयंती मनाने के लिए वृद्धाश्रम के बुजुर्गों का साथ सर्वश्रेष्ठ है।

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता हंस राय, पीयूष शर्मा, महेन्द्र यादव, टीटू सलूजा, केशव उर्मिल, सतेन्द्र पाल सिंह जग्गी, राजेन्द्र ठाकुर, महेन्द्र चौकसे, गोविंद राय, मुकेश नागर, राजू चौकसे, नपा सभापति निर्मला हंस राय, कपिल यादव सहित दिवंगत सरताज सिंह के परिजन सुरेन्द्र पाल सिंह काके, रंजीत सिंह रेकी, तेजिन्दर सिंह रेकी, जसपाल कौर रेकी, सुनीत कौर, रेनू ओबराय, मनमीत कौर सेठी, अमन ओबराय, सोनल ओबराय आदि उपस्थित थे।

# सत्य सांई समिति ने की शीतल जल सेवा

**जागरण, नर्मदापुरम।** सत्य सांई समिति द्वारा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 2 पर संचालित निःशुल्क जल सेवा में निरन्तर नगर की धर्म प्रेमी जनता एवं जन प्रतिनिधियों के सहयोग से की जा रही है। प्रभारी केएन त्रिपाठी ने बताया कि जल सेवा में समाज सेवी अनिल अग्रवाल पवन मौर्य कई वर्षों से बर्फ एवं पवन यादव ग्वालटोली व्हाइट टीशर्ट निशुल्क उपलब्ध कराते हैं। आमजन जन्मदिन व पुण्य तिथियों पर शरबत व जल सेवा स्टेशन पर करवाते हैं। राज्यसभा सदस्य माया नारोलिया, नपाध्यक्ष नीतू महेन्द्र यादव, समाजसेवी हंस राय, डीएस दांगी, पार्षद निर्मिला राय, नंदकिशोर यादव, धर्मेन्द्र जाट, सचिन तोमर, सेठी चौकसे, रेखा यादव, स्टेशन प्रबंधक देवेंद्र सिंह चौहान, पूर्व सेवा दल प्रभारी नलिनी पटेल, महेश पटेल, केएस सैनी, यशवंत सिंह राजपूत मौजूद रहे।

# शनि देव के जन्मोत्सव पर होंगे सवा लाख मंत्र जाप व महाआरती



**जागरण, पिपरिया।** नगर में श्री शिव शनि सांई हनुमान मंदिर नया बस स्टैंड द्वारा मंगलवार को भगवान श्री शनि देव के जन्मोत्सव का आयोजन पर भगवान श्री शनि देव के सवा लाख मंत्रो का जाप, महाआरती और प्रसादी के रूप में नगर भंडारे का आयोजन सुबह 10 से शाम को 6 बजे तक किया जाएगा। मंदिर समिति ने बताया कि इस वर्ष आयोजन में इंदौर से आए शनि देव के साधक मंत्र जाप करने के साथ-साथ होने वाली महापूजन भी अपनी देखरेख में संपन्न करेंगे। आयोजन को लेकर मंदिर समिति बड़े पैमाने पर तैयारी कर रही हैं।

मंदिर परिसर को आकर्षक बिजली की सजावट से सजाने के साथ ही वहां स्थापित सभी मूर्तियां जिसमें भगवान श्री शनि देव सहित अन्य ग्रहों की मूर्तियां भी शामिल हैं। उनका विशेष श्रृंगार किया जा रहा है। इसी के साथ सांई बाबा, हनुमान जी, भगवान महादेव की प्रतिमाओं का भी श्रृंगार किया जा रहा है।

मंदिर समिति में बताया कि महा आरती रात में 8:30 बजे आयोजित की जाएगी जिसमें शहर के गणमान्य नागरिक और श्रद्धालु जन उपस्थित होंगे। महाआरती संगीत के साथ पूरे सम्मान और शान के साथ संपन्न की जाएगी। समिति के द्वारा सभी श्रद्धालुओं से आयोजन में सहयोग और सम्मिलित होने की अपील की गई है।

# बारिश पूर्व नाले नालियों से हटाया जा रहा अतिक्रमण



**जागरण, नर्मदापुरम।** नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं सीएमओ हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर बारिश पूर्व नाले नालियों से अतिक्रमण हटाकर उनका सफाई अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान अंतर्गत बारिश के दिनों में नगर में, कालोनियों में जल भराव की समस्या का उत्पन्न न हो। इसलिए नाले-नालियां साफ की जा रही हैं। अतिक्रमण दल प्रभारी सुनील राजपूत ने बताया कि रविवार को वार्ड 22 में एक कालोनाइजर द्वारा दूसरी कालोनी के पानी निकासी को रोक दिया था। नाले पर ऊंची दीवार बना ली थी। जेसीबी की मदद से नाला रोककर बनाई दीवार हटाई गई साथ ही कालोनाइजर को समझाइश दी गई।

## विस के हर युवा को रोजगार से जोड़ने हर प्रयास करेंगे : विजयपाल सिंह

**जागरण, सोहागपुर।** विधानसभा के प्रत्येक युवक-युवतियों को रोजगार से जोड़ा जाएगा। यह बात विधायक विजयपाल सिंह ने स्थानीय मंगल भवन में रविवार को वर्धमान फैब्रिक्स कंपनी बुधनी के द्वारा आयोजित रोजगार मेले को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि युवाओं को एवं विशेष कर युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक संकल्प के साथ भाजपा की केंद्र एवं राज्य सरकार काम कर रही है। युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए मुद्रा लोन, प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना, जैसी कई महत्वपूर्ण ऋण संबंधी जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन सरकार के द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने चयनित युवाओं को शुभकामनाएं दीं। भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज ने बताया कि रोजगार मेले में 200 युवक-युवतियों ने आवेदन किया था जिसमें से 68 युवक-युवतियों का चयन वर्धमान फैब्रिक्स कंपनी बुधनी में हुआ है। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष लता यशवंत पटेल, उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, पार्षद आशीष विश्वकर्मा सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।




**प्रतियोगिता** | खेल, संस्कार और समर्पण का भव्य संगम श्रीराम कप क्रिकेट महाकुंभ

# क्रिकेट महाकुंभ में विजेता बनी ड्रैगन आर्मी टीम



**जागरण, पचमढ़ी।** नगर के संदीपनी सीएम राइज स्कूल ग्राउंड में श्रीराम कप क्रिकेट महाकुंभ 2025 का आयोजन किया जा रहा था। यह टूर्नामेंट न केवल खेल प्रतियोगिता का आयोजन था, बल्कि यह युवाओं में संस्कार, अनुशासन, भाईचारे और नेतृत्व का जीवंत उदाहरण भी बना। महाकुंभ के रोमांचक फाइनल में महावीर 11 सोहागपुर और ड्रैगन आर्मी पचमढ़ी के बीच मुकाबला हुआ। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए ड्रैगन आर्मी ने 77 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। जवाब में महावीर 11 की पूरी टीम 54 रनों पर सिमट गई। इस प्रकार ड्रैगन आर्मी पचमढ़ी ने यह बहुप्रतीक्षित खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी, अध्यक्षता राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने की। अतिथियों ने विजेता टीम ड्रैगन आर्मी को 1 लाख नकद व भव्य ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। उपविजेता टीम महावीर 11 को 51,000 की नकद राशि एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। मैन ऑफ द सीरीज का खिताब शील्ड क्लब के मौनी राजपूत को मिला, जिन्हें एक आकर्षक बाइसिकल भेंट की गई। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि विधायक ठाकुरदास नागवंशी, पूर्व साडा अध्यक्ष कमल दूत, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा माधवदास अग्रवाल, चांडक्य बक्शी, संजय लिडवानी, केतन चतुर्वेदी, पचमढ़ी मंडल अध्यक्ष पवन झा, विक्रमादित्य ग्रुप से आदित्य नारोलिया, पूर्व मंडल नर्मदापुरम अध्यक्ष विकास नारोलिया एवं अन्य अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। खेल से संस्कार तक की भावना के साथ प्रारंभ हुए इस टूर्नामेंट के हर चरण उद्घाटन, क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल से लेकर फाइनल तक आयोजकों ने पारदर्शिता, खेल भावना एवं निष्पक्षता की मिसाल पेश की। आयोजन समिति के प्रमुख रूपेंद्र मन्नू साहू, शुभम जाट, शुभम अहिरवार, अरबाज सोहेल, ऋषभ, उत्कर्ष, अनुज विकास, बेनेडिक, रोहित, सलमान सहित सभी साथियों की मेहनत, सुनियोजित योजना और खेल के प्रति समर्पण ने इसे एक ऐतिहासिक आयोजन बना दिया। श्रीराम कप क्रिकेट महाकुंभ 2025 ने यह साबित कर दिया कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि समर्पण, संस्कार और सामाजिक चेतना का माध्यम भी है। बादशाह खान की कमेंट्री ने एक नई ऊर्जा का संचार किया।




## न्यूज कार्नर

### एकलव्य में मनेगा पूर्व मंत्री सिंह का जन्मदिन

**जागरण, इटारसी।** पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय सरताज सिंह के जन्म दिवस पर एकलव्य इंटरनेशनल स्कूल में सोमवार 26 मई को सुबह 8:30 बजे उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए जाएंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए एकलव्य इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर सतेंद्र पाल सिंह जग्गी ने बताया कि स्व. बाबू सरताज सिंह के जन्मदिन को स्मरण दिवस के रूप में क्रिकेट शिविर के सभी बच्चों के साथ मनाया जा रहा है। सभी से इस कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की गई।

### आज होगी 6 घंटे की बिजली कटौती

**जागरण, इटारसी।** शहर में मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यालय के द्वारा बूढ़ी माता उपकेंद्र से संचालित 11केवी मालवीयगंज फीडर गांधीनगर फीडर नाला मोहल्ला फीडर की विद्युत सप्लाई सब स्टेशन रिनोवेशन मेंटेनेंस कार्य के चलते सोमवार 26 मई को सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 3 बजे तक बंद रखी जाएगी। इस दौरान 6 घंटे की घोषित विद्युत कटौती विद्युत वितरण कार्यालय के द्वारा की जाएगी। मेंटेनेंस कार्य के चलते संपूर्ण मालवीयगंज प्रताप पुरा सरस्वती स्कूल वाला एरिया पंजाबी मोहल्ला नाला मोहल्ला भाट मोहल्ला विनायक कॉलोनी सुहाग मैरिज हॉल वाला एरिया गांधीनगर फकीर मोहल्ला किर मोहल्ला विद्युत कटौती से प्रभावित रहेंगे।

### ट्रेन से गिरकर घायल हुआ यात्री

**जागरण, इटारसी।** अमरकंटक एक्सप्रेस से गिरकर एक यात्री घायल हो गया है। जिसे आरापीएफ द्वारा उपचार के लिए शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया। ट्रेन में सफर के दौरान यात्रियों की लापरवाही उनकी जान पर बन आती है। ऐसे ही अमरकंटक एक्सप्रेस से एक यात्री गिरकर घायल हो गया। उसका नाम अजय वंसकार हरदा निवासी बताया जा रहा है। घटना के बाद घायल को आरपीएफ द्वारा उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि नर्मदापुरम से इटारसी आ रहा था। उसी दौरान यह हादसा हो गया।

### दो लोगों में मारपीट काउंटर केस दर्ज

**जागरण, इटारसी।** दीवान कालोनी निवासी दो लोगों के बीच हुए विवाद के दोरान मारपीट हुई। घटना के बाद दोनो घायलों ने सिटी थाना पहुंचकर शिकायत की है। शनिवार को शाम लगभग पांच बजे दीवान कालोनी निवासी अंकित जोठे और अजय चौधरी के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। यह विवाद इतना बढ़ गया कि अंकित जोठे के साथ अजय चैधरी द्वारा मारपीट की गई। वहीं अजय चैधरी द्वारा भी शिकायत की गई है कि उसके साथ अंकित के पिता रामभरोस जोठे द्वारा गाली गलौज कर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ काउंटर केस दर्ज कर लिया है।

### मां और बेटे के साथ मारपीट, केस दर्ज

**जागरण, इटारसी।** सोमलवाड़ा निवासी मां बेटे के साथ उसी गांव में रहने वाले दो लोगों द्वारा मारपीट की गई, जिसकी शिकायत रामपुर थाने में की गई है। समीपस्थ ग्राम सोमलवाड़ा निवासी 45 वर्षीय राकेश चोधरी और उसकी मां मोहिनी चौधरी के साथ उसी गांव में रहने वाले रमेश चौधरी और उसके पुत्र राजेश चौधरी ने मारपीट की। मारपीट की इस घटना में मोहिनी को अधिक चोट आई थी। जिसे उपचार के लिए शासकीय अस्पताल में भर्ती किया गया था। बताया जा रहा है कि पुरानी रंजिश के चलते उनके बीच झगड़ा हुआ था। उसी के चलते मां बेटे के साथ पिता पुत्र द्वारा मारपीट की गई। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### केसला रोड पर वाहनों की चेकिंग

**जागरण, इटारसी।** शहर से गुजरने वाले वाहनों सघन चेकिंग आरटीओ विभाग के द्वारा रविवार को आर्डिनेंस फैक्ट्री बैरियर के आगे केसला मुख्य मार्ग पर कीगई। इस दौरान आरटीओ विभाग के अधिकारियों की टीम के द्वारा सघन अभियान चलाया गया। जिसमें मौके पर सड़क से आवागमन कर रहे वाहनों के दस्तावेज की जांच की गई है। इस दौरान वाहन चालकों को मुख्य मार्ग पर दूर-दूर खड़े होकर इंतजार करते देखा गया।

---

सेना और देश मोदी के आगे नतमस्तक देवड़ा का यह बयान देश का अपमान हैः दोगने

# सेना का अपमान देश की गरिमा पर प्रहार मंत्री शाह को किया जाए बर्खास्त : बच्चन

**जागरण, इटारसी।** मप्र शासन के मंत्री ने सेना की कर्नल सोफिया कुरेशी पर की गई अशोभनीय टिप्पणी को लेकर सरकार द्वारा उन्हें मंत्री पद से बर्खास्त किया जाना चाहिए। लेकिन यह कार्य अभी तक प्रदेश सरकार ने नहीं किया। सरकार ने सीजफायर का निर्णय भी अमेरिका की डर के कारण लिया गया है। जबकि केन्द्र सरकार को ऐसा नहीं करना चाहिए था। विदेश मंत्री द्वारा हमला के पूर्व पाकिस्तान को नहीं बताना कि वह सिर्फ आतंकवादी ठिकानों पर हमला करेंगे, पहले से जानकारी मिलने के कारण कई आतंकवादी बच निकले। यह बात मीडिया के समक्ष कांग्रेस के पूर्व मंत्री बाला बच्चन ने कहे।

जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा रविवार को एक्सप्रेस एलेवन में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर वार्ता को संबोधित करते हुए कांग्रेस के पूर्व मंत्री बाला बच्चन ने कहा कि प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह द्वारा सेना की कर्नल सोफिया कुरेशी पर की गई अपमानजनक और शर्मशार करने वाली टिप्पणी से देश की सेना के साथ ही देशवासियों की गरिमा पर हमला किया गया है। इसको लेकर कांग्रेस सामने आ चुकी है। कांग्रेस द्वारा मंत्री विजय शाह के इस्तीफे की मांग कर रही है। लेकिन इतना समय बीत जाने के बाद भी उनसे इस्तीफा नहीं लिया गया। उन्होंने पुलिस पर सवाल उठाते हुए कहा कि मंत्री विजय शाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए हाईकोर्ट को आदेश करना पड़ा। इसके अलावा उपमुख्यमंत्री और विदेश मंत्री से सफाई की मांग करते हुए सार्वजनिक रूप से मांफी मांगने की मांग भी की है। क्योंकि उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा की टिप्पणी पर भी आपत्ति उठाई है, उनका कहना है कि उपमुख्यमंत्री ने तीनों सेनाओं को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सामने नतमस्तक बताया है। जिससे देश की सेना का सार्वजनिक अपमान हुआ है।




### विदेश मंत्री ने किया सेना के आपरेशन का असफल होने का कार्य

पूर्व मंत्री श्री बच्चन ने कहा कि विदेश मंत्री जयशंकर द्वारा आत्मघाती बयान दिया गया था। क्योंकि पाकिस्तान पर हमला करने के पहले ही उन्होंने 7 मई को पाकिस्तान को बता दिया था कि हम केवल आतंकवादियों के अड्डों पर हमला करेंगे सैन्य ठिकानों पर नहीं। पहले से सूचना देने के कारण आतंकवादी अपने अपने ठिकाने छोड़ चुके थे। यह बयान रणनीतिक विफलताप और दुश्मन को अग्रिम चेतावनी देकर आपरेशन सिंदूर को निष्फल करने का कार्य किया गया।

### असामाजिक गतिविधियों को दिया जा रहा संरक्षण

वार्ता को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पाण्डे ने कहा कि भाजपा नेताओं के संरक्षण में कई असामाजिक गतिविधियां संचालित की जा रही है। सट्टा और जुए पर अंकुश नहीं लग सका। रेत का अवैध कारोबार भी चल रहा है। जगह जगह रेत के टीलानुमा ढेर लगाए जा रहे है। जिनकी तरफ अधिकारियों का ध्यान नहीं जा रहा है। इस अवसर पर हरदा विधायक रामकिशोर दोगने, मप्र कांग्रेस कमेटी महासचिव राजकुमार केलू उपाध्याय, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मयूर जायसवाल, पूर्व नपा अध्यक्ष रविकिशोर जायसवाल, अधिवक्ता संतोष गुरयानी, लखन बैस और ओम सेन सहित कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

### यह है मांगें

कांग्रेस द्वारा मांग की जा रही है कि प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह जल्द मंत्री पद से बर्खाशत किया जाए। उपमुख्यमंत्री और विदेश मंत्री से सफाई ली जाए और सार्वजनिक क्षमा मांगी जाए। प्रधानमंत्री स्वयं देश को यह भरोसा दिलाए कि भारत की सेना का सम्मान किसी दलगत राजनीति से ऊपर है। इस पूरे मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में कराई जाए।

### पहलगाम के हमलावरों का क्या हुआ

पत्रकार वार्ता को संबोंधित करते हुए पूर्व विधायक पं गिरजाशंकर शर्मा ने कहा कि पहलगाम में जिन चार आतंकवादियों ने निर्दोषों की हत्या की थी, उनका क्या हुआ, इसके अलावा सीजफायर करने का उद्देश्य क्या था। इंदिरा गांधी के समय में भी सरकार के ऊपर दूसरे देशों का दबाव था, लेकिन उन्होंने सीजफायर नहीं किया था। सरकार यह भी नहीं बता रही कि सीजफायर किसके भय के कारण किया गया और अभी तक सरकार ने पहलगाम के हमलावरों का क्या किया है, कुछ नहीं बताया गया।

### शोकाकुल परिवारजनों के बीच पहुंचे

कांग्रेस शासन के पूर्व मंत्री बाला बच्चन एवं कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी पत्रकार वार्ता के बाद ओवर ब्रिज हनुमान धाम मंदिर पहुंचे, जहां पर उन्होंने हनुमानजी के दर्शन किए। इसके बाद वह नगरकथा के संपादक एवं वरिष्ठ पत्रकार जम्मूसिंह उप्पल के घर पहुंचे, जहां उन्होंने परिवार को इस दुख की घड़ी में ढांढस बंधाया। बता दें कि ह्रदय गति रूकने से श्री उप्पल के पुत्र निशांत उप्पल का दुखद निधन हो गया है। इसके बाद वह अनिल, सुनील बाजपेई के घर भी पहुंचे थे। बता दें कि श्रीमति उर्मिला बाजपेई का भी विगत दिनों दुखद निधन हो गया है। बाजपेई परिवार के बीच पहुंचकर पूर्व मंत्री श्री बच्चन ने संवेदना व्यक्त की।

## एक सैकड़ा मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण



**जागरण, इटारसी।** श्रीगौड़ मालवीय ब्राह्मण समाज की महिला मंडल संगठन द्वारा रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें खून की जांच हीमोग्लोबिन टेस्ट, शुगर मधुमेह, बीपी की जांच, इत्यादि समस्त नगरवासियों के लिए रखा गया। जिसमें डॉक्टर साक्षी शर्मा द्वारा सभी का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

शिविर का शुभारंभ नगर पालिका के उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत, पुरानी इटारसी एवं राष्ट्रीय महासभा के आजीवन संरक्षक गया प्रसाद मालवीय, वरिष्ठ मंडल के अध्यक्ष प्रेम नारायण मालवीय, कार्यकारिणी अध्यक्ष मुन्नू भैया, संरक्षक वीरेंद्र मालवीय, गजेंद्र मालवीय, वरिष्ठ मंडल के उपाध्यक्ष राजेश मालवीय, उपाध्यक्ष संदीप मालवीय, उपाध्यक्ष अवधेश मालवीय, महासभा एवं वरिष्ठ मंडल के कानूनी सलाहकार हरीश मालवीय, सचिव मनोज मालवीय, बृजेश मालवीय, विजय मालवीय, सुबोध मालवीय, चंद्रकांत मालवीय, संजू मालवीय, महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती अर्चना राजेश मालवीय एवं संरक्षक श्रीमती प्रभा मालवीय, संरक्षक श्रीमती भारती मालवीय, वरिष्ठ सलाहकार अर्चना राजेंद्र मालवीय, वरिष्ठ सलाहकार श्रीमती निर्मला मालवीय, श्रीमती त्रिवेणी मालवीय, श्रीमती राजा बाई, कार्यकारिणी अध्यक्ष श्रीमती शीला मालवीय, सचिव श्रीमती किरण मालवीय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती रश्मि मालवीय, उपाध्यक्ष श्रीमती ललिता मालवीय, सहसचिव श्रीमती विभा मालवीय, सहकोषाध्यक्ष श्रीमती काजल मालवीय, संगठन मंत्री श्रीमती अनसूईया मालवीय, मीनू मालवीय, संगीता मालवीय, हीरा मालवीय, उषा मालवीय, हेमा मालवीय, ज्योति मालविया, रूही मालवीय एवं समस्त पदाधिकारियों ने शुभारंभ में श्रीधन्वंतरी भगवान एवं विश्वकर्मा की पूजन के पश्चात शुभारंभ किया गया। आज के स्वास्थ्य परीक्षण में लगभग 100 मरीजों ने अपनी जांच कराई एवं स्वास्थ्य परामर्श लिया एवं लाभ लिया। महिला मंडल निरंतर समय-समय पर इस तरह के कार्य करती आ रही है एवं आगे भी करती रहेगी।

### बरसात पूर्व नालों का सफाई अभियान शुरू

**जागरण, इटारसी।** आगामी बरसात के मौसम को देखते हुए, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने शहर में नालों की सफाई का व्यापक अभियान शुरू कराया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बरसात के दौरान जलभराव की समस्या से निजात दिलाना और नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा से बचाना है।अभियान के तहत, नगर पालिका के सफाई कर्मचारी और टीमें शहर के सभी प्रमुख और छोटे नालों की गहन सफाई करेंगी। इसके अलावा बड़े नालों को प्राइवेट ठेकेदार द्वारा साफ कराया जा रहा है। इसमें नालों से कचरा, गाद, प्लास्टिक और अन्य अवरोधक सामग्रियों को हटाया जाएगा, जो अक्सर बरसात के पानी के निकास में बाधा उत्पन्न करते हैं। नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने इस अवसर पर कहा, बरसात से पहले नालों की सफाई अत्यंत महत्वपूर्ण है ताकि शहर में जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो। हमने यह अभियान इसलिए शुरू किया है ताकि नागरिकों को आने वाले मानसून में किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े।

### विधायक विजयपाल ने किया पुलिस बल के साथ चोरी की घटना स्थल का निरीक्षण

**जागरण, इटारसी।** बीती रात रामपुर थाना अंतर्गत ग्राम तारारोड़ा में डंडे हथियार से लैस चोरों के गिरोह ने 2 किसानों के घर चोरी की वारदात को अंजाम दिया, जिसमें लगभग 2.5 लाख से 3 लाख की संपत्ति की चोरी की गई। किसान राममोहन चौधरी के घर से चोरों ने ताला तोड़कर घर में रखी पुरानी पैतृक चांदी की रकम पर चपत लगा दी जिसकी कीमत लगभग 2.5 से 3 लाख थी वहीं दूसरे किसान कालीचरण पटेल के घर भी घुसकर चोरी के प्रयास में घर की सभी सामग्री को तितर वितर कर दिया, लेकिन कोई सफलता हाथ नहीं लगी। घटना के संबंध में क्षेत्रीय विधायक विजयपाल सिंह व पुलिस बल ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय दिलाने का आश्वासन दिया।

### भारतीय दूतावास में यादव ने की विदेश मंत्री से मुलाकात

**जागरण, इटारसी।** भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद अपने डेनमार्क प्रवास के दौरान डेनमार्क की प्रधान मंत्री, विदेश मंत्री के साथ डेनमार्क में भारतीय मूल के प्रमुख लोगों से मुलाकात की। इस अवसर पर भारतीय दूतावास के आमंत्रण पर राहुल यादव पुत्र एड. मधु सूदन यादव नर्मदापुरम ने भी भारत के विदेश मंत्री से कोपेन हेगन में भेंट की।



**शिविर** | बकाया बिलों का भुगतान हुआ अन्य गांवों में शिविर लगाकर समस्याओं का निपटारा करेंगे अधिकारी

# विधायक के प्रयासों से गांव की बिजली आपूर्ति बहाल

**जागरण, इटारसी।** सोहागपुर विधानसभा के रामपुर गुर्रा सब स्टेशन से जुड़े करीब एक दर्जन गांवों में बकाया बिलों, उपकरणों में खराबी समेत अन्य कारणों से बाधित बिजली आपूर्ति रविवार को बहाल हो गई है।

ग्रामीणों की समस्या सुनने के बाद विधायक ने बिजली कंपनी के डीजीएम को मौके पर बुलाया, इसके बाद ग्रामीणों की समस्या सुनी गई। कई गांव के लोगों ने अपने बकाया बिलों की राशि एकत्र कर अधिकारियों को दी है, साथ ही जिन गांव में बिल ज्यादा आने की शिकायत मिली है वहां सिंह ने शिविर लगाकर समस्या का निपटारा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। सिंह ने कहा कि कांग्रेस सरकार में किसानों को सिंचाई और घरेलू उपभोक्ताओं को बिजली तक नहीं मिलती थी, प्रदेश की भाजपा सरका आने के बाद पर्याप्त बिजली दी जा रही है। गांव में बकाया राशि को लेकर जो समस्या थी, उसे तत्काल सुलझा दिया गया है। सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार 24 घंटे बिजली देने का काम कर रही है।



सिंह ने बताया कि पिछले दिनों से सोहागपुर विधानसभा में रामपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले मरोडा, सोनतलाई, सिलारी,लोहारिया, तारारोडा सहित कई गांवों में बिजली विभाग द्वारा बिजली की आपूर्ति पूर्णतः बंद कर दी गई थी। जिससे ग्रामीण इस भीषण गर्मी में परेशान थे। रविवार को विधायक विजयपाल सिंह खुद मौके पर पहुंचे। मरोड़ा जाकर बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ शिविर लगाकर चर्चा कर, ग्रामीणजनों की समस्या का निदान करवाया गया। विधायक विजयपाल सिंह द्वारा आमजन को समय पर बिजली बिल भुगतान करने समझाईश दी गई और मौके पर ही शिविर में संबंधित ग्राम के ग्रामीणों से बिजली बिल का भुगतान करवाया। सम्बन्धित ग्रामों से लाखों रुपए का बिजली बिल का भुगतान हुआ। शिविर में कुछ ग्रामीणों का कहना था कि नियमित भुगतान के बाद भी बिल में अतिरिक्त चार्ज किया रहा है। शिविर में मौजूद बिजली के वरिष्ठ अधिकारी उपमहाप्रबंधक द्वारा बताया गया कि अधिकांश ग्रामीणों के बिल भुगतान ना होने के कारण बिजती आपूर्ति बंद की गयी थी, जिसे आंशिक भुगतान के पश्चात पुनः बहाल किया जा रहा है। ग्रामीणों के चेहरे बिजली आने के बाद खिल उठे। ग्रामीणों ने तत्काल सुनवाई के लिए अपने विधायक का आभार जताया।

बिजली कटौती के संबंध में सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ने बताया कि कांग्रेस के राज गांवों से लेकर शहरों तक बिजली की घंटों घंटों तक कटौती होती थी आज किस मुंह से कांग्रेस नेता बोल रहे हैं कि गांवों में बिजली नहीं रहती। कांग्रेस केवल जनता को गुमराह करने का काम करती है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला प्रशासन को बिना सूचना दिए धरना प्रदर्शन किया यह एक अशोभनीय काम है। जो कांग्रेस कार्यकर्ता धरना देने आए थे उनमें से बहुत से कार्यकर्ताओं का बिजली बिल जमा नहीं था। विधायक सिंह ने कहा कि प्रजातंत्र में धरना करने का अधिकार है परन्तु शासन की बिना अनुमति के धरना प्रदर्शन करना अपराध होता हैं, कांग्रेस कार्यकर्ताओं के धरना प्रदर्शन से आम नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा और ट्रैफिक जाम रहा यह एक अशोभनीय काम है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं के धरना प्रदर्शन से आम नागरिकों को जो परेशानियां हुई है कांग्रेस कार्यकर्ताओं के खिलाफ उचित कार्यवाही की जाए। विधायक सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में 24 घंटे गांवों से लेकर शहरों तक बिजली देने का काम कर रही है और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से बिजली बिल माफ ओर कम किया जा रहे हैं।

---

## रेलवे की समस्याओं को लेकर राज्यसभा सांसद ने लिखा उपमहाप्रबंधक को पत्र

**जागरण, इटारसी।** बिलासपुर मंडल में आयोजित होने वाली क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक में विभिन्न समस्याओं को शामिल करने के लिए राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने उपमहाप्रबंधक सामान्य को पत्र लिखा है। उनके प्रतिनिधि के रूप में जेडआरयूसीसी मैंबर राजा तिवारी बैठक में शामिल होंगे क्योंकि उपराष्ट्रपति का दौरा नरसिंहपुर क्षेत्र में है, इसलिए सांसद श्रीमती नारोलिया कार्यक्रम में व्यस्त रहेगी।

क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति बिलासपुर की बैठक 26 मई को होना है। इस बैठक में बिलासपुर मंडल से जुड़ी ट्रेनों को लेकर राज्य सभा सांसद माया नारोलिया ने उपमहाप्रबंधक को पत्र लिखा है। उन्होनें 6 मुद्दों को बैठक में शामिल करने की मांग की है। बताया जा रहा है कि गाड़ी संख्या 22174-73 वंदे भारत का संचालन जबलपुर-रायपुर के बीच प्रस्तावित है, जिसका स्टापेज डोंगरगढ़ प्रस्तावित किया जाए। गाड़ी संख्या 18248-47 बिलासपुर रीवा एक्सप्रेस का विस्तार दुर्ग किया जाए। गाड़ी संख्या 18237-38 छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का स्टापेज कालाआखर स्टेशन पर किया जाए। गाडी संख्या 22111-112 नागपुर भुसावल मेमो ट्रेन को दोबारा चालू किया जाए। इसके अलावा भोपाल, बिलासपुर वाया इटारसी, जबलपुर, बालाघाट, गोंदिया,रायपुर नवीन नमो राईडर ट्रेन चलाई जाए। इससे दोनो राज्यों के यात्रियों को लाभ मिलेगा। वहीं ब्राडगेज कन्श्रवर्सेशन के बाद गाडी संख्या 10001-10002 रायपुर- जबलपुर सतपुड़ा एक्सप्रेस के नाम से चलाई जाए। इससे मप्र और छत्तीसगढ़ राज्यों के बीच कलेक्टिविटी बढ़ेगी।

### पटेल बने जिला टैक्स बार एसो. के उपाध्यक्ष



**जागरण, इटारसी।** नर्मदापुरम एवं हरदा जिला टैक्स बार एसोसिएशन के चुनाव आज साईंकृष्णा रिजॉर्ट बड़ी पहाड़ियां नर्मदापुरम में संपन्न हुए। इस दौरान चुनाव अधिकारी प्रवीण अग्रवाल अधिवक्ता हरदा, एनके राय अधिवक्ता पिपरिया एवं रमेश कोठारी अधिवक्ता हरदा के द्वारा सर्वसम्मति से संपन्न कराए गए। जिसमें अध्यक्ष पद पर प्रतीक अग्रवाल हरदा, सचिव पुष्पेश पालीवाल अधिवक्ता नर्मदा पुरम एवं कोषाध्यक्ष वैभव अग्रवाल अधिवक्ता सिवनी मालवा एवं उपाध्यक्ष पद पर जीएस पटेल अधिवक्ता इटारसी, सुशील खत्री अधिवक्ता सिवनी मालवा एवं अमित अग्रवाल हरदा एवं संयुक्त सचिव पद पर मयंक जाजू एवं मीडिया प्रभारी बृजेश सोनी सोहागपुर, डॉ शिरीष अग्रवाल हरदा को मनोनीत किया गया।

न नगरपालिका, न रेलवे, न पीडब्ल्यूडी विभाग, न ही ठेकदार ने सुध ली, सभी विभागों को झंझोड़ के रख दिया मासूम ने

## दुर्घटना से आहत 12 साल के बच्चे ने उठाया सड़क के गड्ढे भरने का बीड़ा

**जागरण, इटारसी।** एक एक्सीडेंट के बाद इस बच्चे को इस कदर झकझोर दिया कि उसने एक ऐसा काम करने जिम्मा उठाया, जो उसकी उम्र के हिसाब से काफी बड़ा है। बच्चे ने इटारसी माल गोदाम के सामने की एक सड़क के सभी गड्ढे भरने का फैसला लिया है।



नर्मदापुरम से आकर इटारसी में 12 साल के एक बच्चे ने शहर की एक सड़क के गड्ढे भरने का बीड़ा उठाया है। दरअसल कुछ दिन पहले ही नर्मदापुरम में एक रोड एक्सिडेंट में कुछ लोग घायल हो गए थे। बच्चे ने इस दुर्घटना के पीछे सड़क पर हो रहे गड्ढों को कारण बताया है। यह सब इस बच्चे की आंखों के सामने हुआ। उसके बाद इसने खुद सड़क के गड्ढे भरने का फैसला लिया। राहगीरों द्वारा उस बच्चे को पैसे और किसी ने टी शर्ट देकर उसका सम्मान किया।

## मुस्कान संस्था में मनाया पूर्व मंत्री सरताज का जन्मदिन



**जागरण, इटारसी।** स्थानीय मुस्कान संस्था में स्वर्गीय सरताज सिंह का जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक डॉ. शर्मा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक डॉ. शर्मा एवं संस्था के पदाधिकारियों द्वारा स्वर्गीय सरताज सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर विधायक डॉ. शर्मा ने स्वर्गीय सरताज सिंह के जीवन और समाज सेवा के प्रति उनके समर्पण पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सरताज सिंह का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है और उनके दिखाए मार्ग पर चलकर ही हम एक बेहतर समाज का निर्माण कर सकते हैं।

मुस्कान संस्था के अध्यक्ष मनीष ठाकुर ने बताया कि स्वर्गीय सरताज सिंह हमेशा वंचितों और जरूरतमंदों की मदद के लिए तत्पर रहते थे। उनके जन्मदिन के अवसर पर संस्था द्वारा विभिन्न सामाजिक कार्य किए गए, जिसमें बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरण और जरूरतमंदों को भोजन उपलब्ध कराना शामिल है।

इस अवसर पर संस्था के सभी सदस्य, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, गुरु सिंह सभा अध्यक्ष जसवीर सिंह छाबड़ा, टीटू सलूजा, जसपाल सिंह जग्गी एवं सुरेंद्र सिंह छतवाल सहित उनके परिवार पंजाबी समाज के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी के साथ स्थानीय गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित रहे।

## खेडा पर नई स्ट्रीट लाइट लगाने पर क्रिश्चियन समाज ने जताया आभार

**जागरण, इटारसी।** क्रिश्चयन समाज के फ्रेंड्स चर्च मिशनखेडा में समाज के नागरिकों ने विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे का सम्मान किया। खेड़ा पर हाईवे 69 पर सडक के बीच में नई आकर्षक स्ट्रीट लाइट लगाने के कारण यह सम्मान किया गया।

इस अवसर पर जयकिशोर चौधरी, राजकुमार यादव, मनीष ठाकुर, वीरेंद्र यादव, इंद्रजीत मालदार, बसंत चौहान, अश्विन नंदा, हेराल्ड जार्ज, बब्बी जार्ज, जिलवर्ट लाल, प्राचार्य भानू सर, आशु सहित अन्य मौजूद थे। क्रिश्चन समाज ने शॉल श्रीफल से अतिथियों का सम्मान किया। इस अवसर पर विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने कहा कि क्रिश्चयन समाज कई मायनों में समाज को प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि आप गिरिजाघरों में तो पेड़ लगाते ही हैं घरों में भी ग्रीनरी होती है। साफ सफाई का भी विशेष ध्यान रखते हैं। नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा कि आप ऐसे लोग हैं जो गिलास में यदि 75 प्रतिशत पानी भरा है और 25 प्रतिशत खाली है तो यह कहकर उत्साह बढ़ाते हैं कि आपने हमें 75 प्रतिशत पानी तो दिया, कुछ बचा है वह भी मिल जाएगा। आपकी यह सोच हमें अच्छा कार्य करने की ऊर्जा प्रदान करती है।

### बादलों की जमावट, नहीं तपा नवतपा का पहला दिन

**जागरण, इटारसी।** हर साल की तरह इस साल भी 25 मई रविवार से नवतपा शुरू हो गए। लेकिन मई माह की शुरुआत के साथ ही निश्चित अंतराल से आसमान में बादलों की जमावट के चलते बूंदाबांदी होती रही। वहीं रविवार को नौतपा का पहला दिन ही तापमान में गिरावट महसूस की गई और तापमान 32 डिग्री सेल्सियस अधिकतम आंका गया। बादलों की जमावट के चलते तापमान में गिरावट महसूस की गई है लेकिन उमस का वातावरण सुबह से देर शाम तक लोगों ने महसूस किया गया।

## न्यूज कार्नर

### दुर्गा भूमरकर बनी रहेंगी चंदोराखुर्द की सरपंच

**मुलताई।** जनपद पंचायत मुलताई की ग्राम पंचायत चंदोराखुर्द की सरपंच दुर्गा भुमरकर को उच्च न्यायालय जबलपुर से बड़ी राहत मिली है। उनके खिलाफ पारित अविश्वास प्रस्ताव एवं कलेक्टर के आदेश पर हाईकोर्ट ने 19 मई 2025 को अंतरिम आदेश पारित कर रोक लगा दी है। इस आदेश के बाद दुर्गा भुमरकर सरपंच के पद पर बनी रहेंगी।गौरतलब है कि ग्राम पंचायत सरपंच दुर्गा भुमरकर के खिलाफ 17 फरवरी 2025 को अविश्वास प्रस्ताव पारित किया गया था। उक्त आदेश को उन्होंने अपर कलेक्टर के न्यायालय में चुनौती दी गई थी।अपर कलेक्टर ने 11 अप्रेल 2025 को आदेश पारित करते हुए अविश्वास प्रस्ताव को वैध माना गया। जिसके विरुद्ध दुर्गा भुमरकर ने उच्च न्यायालय जबलपुर की शरण ली।उक्त याचिका पर सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय ने अविश्वास प्रस्ताव के प्रभाव एवं संचालन तथा अपर कलेक्टर के आदेश पर रोक लगा दी है। जिससे दुर्गा भुमरकर अब आगामी आदेश तक ग्राम पंचायत चन्दोरा खुर्द की सरपंच बनी रहेगी।

### विधायक ने दिया टैंकर

मुलताई। विधायक चंद्रशेखर देशमुख द्वारा विधायक निधि से फायर फाइटर टैंकर खरीदकर ग्राम पंचायतो एवं नगरपालिका मे प्रदत्त किए जा रहे है। रविवार को विधायक चंद्रशेखर देशमुख द्वारा नगरपालिका परिसर मे विधायक निधि से क्रय किए हुए फायर फाइटर टेंकर का पूजन कर 5500 लीटर का फायर फाइटर वॉटर टेंकर प्रदान किया गया द्य वैसे तो नगरपालिका मुलताई में दो बड़ी फायर ब्रिगेड है,लेकिन सकरी गलियों में बड़ी फायर ब्रिगेड नहीं पहुंच पाती है जिससे आगजनी की छोटी घटना बड़ा रूप ले लेती है, अब विधायक निधि से प्रदत्त फायर फाइटर टैंकर छोटी गलियों में भी पहुंच कर आग बुझाने का काम कर करेगा, जिससे आगजनी से होने वाले बड़े नुकसान से राहत मिलेगी।वहीं उक्त टेंकर से नगर मे जलप्रदाय भी किया जा सकेंगा।इस अवसर पर विधायक चंद्रशेखर देशमुख, नपा अध्यक्ष वर्षा गढ़ेकर,सभापति डॉ.जीए बारस्कर, अजय यादव,कुसुम मारोती पवार,शिल्पा शर्मा,पार्षद सुरेश पौनीकर मौजूद रहे।

# रायल्टी देना तो दूर की बात खनिज के नोटिस का जवाब तक नहीं दे रहे

## 20 विभाग नहीं दे रहे निर्माण कार्यों में रायल्टी की जानकारी




**बैतूल जागरण।** जिले में विभिन्न सरकारी विभागों और निर्माण एजेंसी द्वारा जो निर्माण कार्य कराए जाते हैं उसमें गौण खनिज का उपयोग किया जाता है। इस गौण खनिज की रायल्टी को लेकर उक्त विभाग द्वारा जानकारी और रायल्टी खनिज विभाग को नहीं दी जाती है। आरोप यह है कि उक्त विभाग ठेकेदारों की रायल्टी चोरी करवाते हैं।

इसलिए वे खनिज विभाग को जानकारी तक नहीं देते हैं। नवंबर माह में खनिज विभाग ने जिले के बीस निर्माण संबंधी विभागों को बकायदा नोटिस जारी किया था और रायल्टी की जानकारी मांगी थी, लेकिन छह माह का समय गुजर जाने के बावजूद किसी भी विभाग ने यह जानकारी उपलब्ध नहीं कराई है और न ही रायल्टी क्लिरेंस या रायल्टी की राशि खनिज विभाग को देना जरूरी समझा। एक नोटिस के बाद खनिज विभाग भी चुप्पी साधकर बैठ गया है, जबकि जानकार कहते हैं कि करीब सौ करोड़ की राशि शासन को इन विभागों से लेना है। बताया गया कि 12 जनवरी 2024 को संचालक प्रशासन एवं खनिकर्म भोपाल ने वीडियो कांफ्रेसिंग में और आयुक्त नर्मदापुरम द्वारा 27 नवंबर 2024 को बैठक में रायलटी वसूली और खनिज विभाग के वित्तीय टारगेट को पूरा करने के लिए दिशा निर्देश दिए थे। इसी तारत्मय में बताया गया था कि संबंधित विभाग अंतर्गत किए जा रहे निर्माण कार्यों में उपयोगिता गौण खनिज की रायल्टी राशि ठेकेदार के देयकों या चलित देयकों से काटकर रखी जा रही है। संबंधित ठेकेदार द्वारा ई खनिज पोर्टल से जो जारी रायल्टी क्लीयरेंस प्रमाण पत्र प्रस्तुत न किए जाने की स्थिति में देय रायल्टी शीघ्र खनिज विभाग के मद में जमा कराने की कार्रवाई करें। तथा खनिज विभाग के पुल खाता में जमा कराया जाना सुनिश्चित करें जिससे की वित्तीय वर्ष में लक्ष्य हासिल किया जा सके।

### इन विभागों से करना है रायल्टी की वसूली

इन विभागों को रायल्टी के लिए खनिज विभाग ने नोटिस जारी किया है। इनमें डीएफओ सभी वन मंडल बैतूल, सहायक आयुक्त जन जातीय कार्य विभाग, कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूड पीआईयू, ईई जलसंसाधन संभाग मुलताई/बैतूल, ईई आरईएस बैतूल एवं मुलताई, कार्यपालन यंत्री लो क निर्माण सेतू, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण बैतूल, जीएम प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क इकाई एक/दो, महाप्रबंधक वेस्टन कोल फिल्ड लिमिटेड पाथाखेड़ा,पीडी भाराप्रा परियोजना इकाई 54/55, कार्यपालन यंत्री सिविल पावर हाउस सारणी, अधीक्षक यंत्रे मप्र सड़क विकास निगम, अधीक्षण यंत्री मप्र विद्युत वितरण कंपनी, जिला प्रबंधक मप्र वेयर हाउसिंग कारर्पोरेशन, कार्यपालन यंत्री मप्र गृह निर्माण मंडल बैतूल, सभी नगरीय निकाय सीएमओ, सचिव कृषि उपज मंडी बैतूल/मुलताई/ भैंसदेही, उपप्रबंधक पावर ग्रेड कार्पोरेशन आदि शामिल हैं।

# वरिष्ठता और क्रमोन्नति को लेकर सीएम से मिलेंगे शिक्षक



**बैतूल जागरण।** विधायक हेमंत खंडेलवाल से शिक्षक संवर्ग के प्रतिनिधियों ने भेंट कर उनकी समस्याओं से अवगत कराया। बैठक के दौरान आगामी 28 मई को सारणी आगमन के अवसर पर मुख्यमंत्री मोहन यादव से मिलने हेतु समय मांगा गया है। इस दौरान नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता को लेकर एक ज्ञापन मुख्यमंत्री को सौंपे जाने की बात भी सामने आई। शिक्षक प्रतिनिधियों ने विधायक हेमंत खंडेलवाल को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि क्रमोन्नति के आदेश लंबित हैं। विशेष रूप से 24 वर्ष की सेवा पूर्ण करने के बावजूद कई शिक्षकों की क्रमोन्नति के आदेश जारी नहीं हो सके हैं। इस संबंध में शीघ्र निर्णय लेने और आदेश जारी करवाने की मांग की गई है।इसके साथ ही आदिम जाति कल्याण विभाग में उच्च पद प्रभार की प्रक्रिया में हो रही देरी को लेकर भी चर्चा की गई। इस विषय में विधायक हेमंत खंडेलवाल ने आदिम जाति कल्याण विभाग की आयुक्त से चर्चा कर शीघ्र प्रक्रिया प्रारंभ करवाने का आश्वासन दिया। स्थानीय समस्याओं को लेकर भी बैठक में चर्चा हुई और उन्हें विधायक के माध्यम से समाधान के लिए संबंधित विभागों तक पहुंचाने का अनुरोध किया गया। इस अवसर पर रवि सरनेकर, राजेंद्र कटारे, मनीष नारे, गंगाराम घुडाले, बडोरा मंडल अध्यक्ष उमाशंकर (नीतू पटेल) और विवेक जावलकर उपस्थित रहे। सभी ने शिक्षक हितों की बात मजबूती से रखी और विधायक से इस दिशा में ठोस पहल की मांग की

### बाड़ेगांव में मनाई महाराणा प्रताप जयंती

**मुलताई।** नगर के समीप स्थित ग्राम बाड़ेगांव में महाराणा प्रताप स्मारक निर्माण समिति द्वारा महाराणा प्रताप जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया द्य जयंती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक चंद्रशेखर देशमुख,विशिष्ट अतिथि श्याम मानवत कथा व्यास , जनपद पंचायत अध्यक्ष नान्ही बाई डहारे, संरक्षक अनिल सिंह



कुशवाह, जसपाल सिंह सिसोदिया, समिति अध्यक्ष सुधा परमार, भाजपा प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी माधुरी साबले, वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश पाठक, कीर्ति यादव, सोनम पहाड़, उषा पौनी कर, दीपिका उघडे सहित आयोजन समिति के पदाधिकारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे। इस अवसर पर विधायक चंद्रशेखर देशमुख सहित अतिथियों ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया द्य कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्याम मानवत ने महाराणा प्रताप के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महाराणा प्रताप जैसे वीर महापुरुष जिन्होंने समाज को संगठित किया उनकी प्रतिमा स्थापित की गई हैद्य कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने महाराणा प्रताप क़े शौर्य एवं वीरता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारा देश जब सैकड़ो वर्ष तक गुलाम रहा तब महाराणा प्रताप जैसे कई वीर योद्धाओ ने आजादी के लिए लड़ाई लड़ी द्य उसमें से महाराणा प्रताप एक थे, जिनके जीवन से हमें प्रेरणा लेना चाहिए।

# होटल में मिला भोपाल के एजेंट का शव, सुसाइड नोट भी मिला



**बैतूल।** टेक्सटाइल कंपनी के एजेंट ने होटल के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक ने तीन पेज का सुसाइड नोट छोड़ा है, जिसमें कंपनी मालिक पर 5 लाख रुपए की झूठी चोरी का आरोप लगाने और धमकी देने की बात लिखी है। रविवार को पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। घटना बैतूल के कोठी बाजार क्षेत्र में स्थित होटल सोनी की है। जानकारी के अनुसार मृतक धनवीर विश्वकर्मा (36) भोपाल की हुजूर तहसील के चोपड़ा कला गांव का रहने वाला था। कमरे से तेज बदबू आने पर पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो अंदर धनवीर का शव फंदे पर लटका मिला। वो पिछले तीन दिनों से होटल के उसी कमरे में रुका हुआ था। घटना की सूचना मिलते ही उसके परिजन भी भोपाल से बैतूल पहुंच गए। भाई मनोज विश्वकर्मा ने बताया कि धनवीर कपड़े की दुकान में काम करता था। वो बुधवार से घर से निकला था और कॉल करने पर रिसीव नहीं कर रहा था। धनवीर ने नोट की शुरुआत में लिखा कि वो पूरे होश-हवास में ये कदम उठा रहा है। उसने कंपनी मालिक तरुण सचदेव और संतोष कुंदवानी पर 5 लाख रुपए की चोरी का झूठा आरोप लगाने और धमकी देने का आरोप लगाया है। साथ ही मांग की है कि उसके बच्चों को हर महीने 15 हजार रुपए दिए जाएं। नोट के दूसरे हिस्से में धनवीर ने पत्नी सुषमा से माफी मांगी है। लिखा है कि प्यारी सुषमा मुझे माफ करना। बेटा किट्टू मम्मी को परेशान मत करना और कहीं ज्यादा घूमना नहीं। मम्मी से पैसे लेकर तेरे लिए बड़े पापा से साइकिल मंगवा लेना। अच्छे से मन लगाकर पढ़ाई करना। हिमांशु बेटा मुझे माफ कर देना। तेरे पापा अब कभी वापस नहीं आएंगे। अंतिम हिस्से में धनवीर ने अपने भाई मनोज के लिए लिखा है कि भाई अगर मैंने कभी गलत बोला हो, तो मुझे माफ कर देना। बच्चों की आंखों में आंसू नहीं आने देना। मम्मी पापा का ख्याल रखना। साथ ही कंपनी मालिकों से हर महीने 15 हजार रुपए लेने की बात दोहराई है, नहीं देने पर केस करने को कहा है। पुलिस सुसाइड नोट की वैधता की जांच कर रही है। साथ ही कंपनी मालिक से पूछताछ की तैयारी की जा रही है। पुलिस की जांच के बाद ही ये स्पष्ट हो सकेगा कि धरमवीर की आत्महत्या के पीछे असली कारण क्या थे। फिलहाल मृतक के शव का रविवार जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आगमन आज

नरसिंहपुर। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 26 मई को नरसिंहपुर आयेंगे और स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। जारी दौरा कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ यादव 26 मई को प्रात 10.25 बजे स्टेट हैंगर भोपाल से हेलीकॉप्टर द्वारा नरसिंहपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। इसके पश्चात मुख्यमंत्री डॉ यादव प्रात 11.15 बजे हैलीपेड नरसिंहपुर पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री यहां स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। तदुपरांत अपरान्ह 3 बजे हैलीपेड नरसिंहपुर से प्रस्थान कर अपरान्ह 3.50 बजे स्टेट हैंगर भोपाल पहुंचेंगे।

### मंत्री कुशवाह कृषि उद्योग समागम में होंगे शामिल

नरसिंहपुर। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरणए उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह 26 मई को नरसिंहपुर में आयोजित उद्योग समागम कार्यक्रम में शामिल होंगे।जारी दौरा कार्यक्रम के अनुसार सोमवार 26 मई को तड़के सुबह 3ए53 बजे नरसिंहपुर आयेंगे। वे यहां होटल सावित्री सिगनेचर के लिए प्रस्थान कर रात्रि विश्राम करेंगे। इसके पश्चात मंत्री श्री कुशवाह प्रात 11.30 बजे हैलीपेड नरसिंहपुर में उप राष्ट्रपति के स्वागत में उपस्थित रहेंगे। तदुपरांत उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ए राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल व मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के साथ कृषि उपज मंडी नरसिंहपुर के समीप कृषि उद्योग समागम कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात मंत्री श्री कुशवाह मंगलवार 27 मई की मध्यरात्रि 12.35 बजे नरसिंहपुर से ट्रेन द्वारा भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

### बनवारी में आरटीई सत्यापन कार्य में जुटे शिक्षक

गाडरवारा। क्षेत्र के निजी विद्यालयों की नर्सरी की कक्षाओं में निशुल्क प्रवेश पाने के लिए आरटीई सत्यापन का कार्य क्षेत्र के ग्राम बनवारी के जन शिक्षा केन्द्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जारी हैं। प्रवेश पाने के लिए आवेदक आनलाइन फर्म भरकर सत्यापन के लिए जनशिक्षा केंद्र पर उपस्थित हो रहे है । सत्यापन मुख्यतः गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहें परिवारों अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लोगों द्वारा लगाए गए प्रमाण पत्रों की मूल प्रमाण पत्रों से मिलान कर किया जाता हैं।

## 115.96 करोड़ रुपए की लागत के 86 निर्माण कार्यों का होगा लोकार्पण व भूमिपूजन

# उप राष्ट्रपति धनखड़, राज्यपाल पटेल और मुख्यमंत्री यादव करेंगे विभिन्न कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन

**जागरण नरसिंहपुर।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव कृषि उद्योग समागम कार्यक्रम में नरसिंहपुर जिले के 115.96 करोड़ रुपये की लागत के 86 निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। इसमें 69 करोड़ 52 लाख रुपये की लागत के 71 निर्माण कार्यों का लोकार्पण और 46 करोड़ 44 लाख रुपये की लागत के 15 कार्यों का भूमिपूजन शामिल है।





### 69 करोड़ 52 लाख रुपए की लागत के 71 निर्माण कार्यों का होगा लोकार्पण

उप राष्ट्रपति श्री धनखड़ राज्यपाल श्री पटेल और मुख्यमंत्री डॉ यादव 55 करोड़ 56 लाख रुपये की लागत के 71 निर्माण कार्यों का लोकार्पण करेंगे। इनमें विधानसभा क्षेत्र गोटेगांव के अंतर्गत ग्राम पिपरिया में 14.87 लाख रुपये ग्राम पिपरिया में 33.99 लाख रुपये ग्राम मेहगांव में 66.18 लाख रुपयेए ग्राम धवई में 34.66 लाख रुपये ग्राम धवई में 64.83 लाख रुपये ग्राम मुंगवानी में 18.87 लाख रुपये ग्राम पाला में 44.35 लाख रुपयेए ग्राम नगवारा में 19.79 लाख रुपयेए ग्राम राजा कछार में 21.58 लाख रुपये ग्राम गाडरवारा खेड़ा में 51.24 लाख रुपये सिरकोना में 18.31 लाख रुपये ग्राम सिरकोना में 15.85 लाख रुपये एवं ग्राम राजाकछार में 53.56 लाख रुपये के नल जल योजना के कार्यों का लोकार्पण करेंगे। राखी भैंसा में 147 लाख रुपये की लागत के शासकीय हाईस्कूल भवनए 71.16 लाख रुपये के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगवारा कुण्डा रोड से लाठगांव मार्ग लंबाई 9.05 किमी की लागत 360 लाख रुपये एवं कुण्डा रोड से झिरीकला मार्ग लंबाई 8 किलोमीटर लागत 347 लाख रुपये के निर्माण कार्य शामिल है। विधानसभा क्षेत्र नरसिंहपुर के अंतर्गत ग्राम सिमरिया में 34.69 लाख रुपये ग्राम खमरिया जरजोला में 41.53 लाख रुपयेए ग्राम रानीपिपरिया में 43.4 लाख रुपयेए ग्राम जरजोला में 71.7 लाख रुपये ग्राम गरारु में 27.39 लाख रुपये ग्राम नयाखेड़ा में 35.67 लाख रुपये ग्राम बम्हौरी में 48.43 लाख रुपये ग्राम कोसमखेड़ा में 22.69 लाख रुपये ग्राम रमखिरिया में 19.06 लाख रुपये व ग्राम करताज में 14.42 लाख रुपये के नल जल योजना के कार्यों का लोकार्पण करेंगे। देवाकछार रोड से धमना मुराछ मार्ग लंबाई 20.20 किलोमीटर लागत 1196.80 लाख रुपये गोरखपुर से भूरी खोह मार्ग पर चेयनेज 5300 पर पनखटा नाले पर पुल निर्माण लागत 200 लाख रुपये व नरसिंहपुर नरसिंहपुर में वाणिज्यक कर कार्यालय भवन का निर्माण कार्य लागत 255.44 लाख रुपये का निर्माण कार्यों का लोकार्पण करेंगे।

विधानसभा क्षेत्र तेंदूखेड़ा के अंतर्गत ग्राम धौखेड़ा में 33.98 लाख रुपये ग्राम चामचौन में 30.69 लाख रुपये ग्राम करपगांव में 27.01 लाख रुपयेए ग्राम इमलिया बघौरा में 22.10 लाख रुपये ग्राम भिलमाढाना बी में 13.62 लाख रुपये ग्राम इमलिया बघौरा में 27.57 लाख रुपये ग्राम भैंरोपुर में 32.87 लाख रुपयेए ग्राम हर्रई में 54.24 लाख रुपये ग्राम अजंसरा में 38.61 लाख रुपयेए ग्राम चिरचिरा में 26.58 लाख रुपये व ग्राम ढाडिया में 40.28 लाख रुपये के नल जल योजना के कार्यों का लोकार्पण करेंगे। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 766.93 लाख रुपये की लागत का टी 02 करपगांव एसएच 22 से खड़ई मार्ग लंबाई 12.31 किलोमीटर सड़क का निर्माण कार्य व 225.82 लाख रुपये की लागत का प्राथ. स्वा. केंद्र डोभी का लोकार्पण करेंगे।

इसी तरह विधानसभा क्षेत्र गाडरवारा के अंतर्गत नगर परिषद चीचली में अमृत 2.0 के अंतर्गत राजमहल के पास 42 लाख रुपये व अमृत 2.0 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 11 में ग्रीन स्पेस लागत 29 लाख रुपये के निर्माण कार्यो का लोकार्पण करेंगे। नल जल योजना के अंतर्गत नगरीय निकाय सांईखेड़ा के ग्राम देवरी में 38.21 लाख रुपये ग्राम देतपोन में 37.37 लाख रुपये ग्राम खमरिया में 30.04 लाख रुपयेए ग्राम पिटरास में 39.46 लाख रुपयेए ग्राम देतपोन में 17.03 लाख रुपयेए ग्राम रम्पुरा में 49.97 लाख रुपयेए ग्राम पिपरिया खुर्द में 32.31 लाख रुपये ग्राम अजंदा में 21.55 लाख रुपये ग्राम बनखेड़ी में 24.87 लाख रुपये और नगरीय निकाय चीचली के अंतर्गत ग्राम माल्हनवाड़ा इकलोनी में 12.00 लाख रुपये ग्राम छैनाकछार बी में 54.12 लाख रुपये ग्राम पिपरिया ढूरसुरा में 57.55 लाख रुपये ग्राम ढाना में 71.10 लाख रुपये ग्राम चारगांवखुर्द में 31.77 लाख रुपये ग्राम चारगांवकला में 54.87 लाख रुपये ग्राम सूखाखैरी में 64.93 लाख रुपयेए ग्राम मऊ में 22.67 लाख रुपये ग्राम तेंदूखेड़ा में 9.13 लाख रुपये ग्राम छैनाकछार बी में 13.44 लाख रुपये व ग्राम देवरी में 10.79 लाख रुपये के नल जल योजना के कार्यों का लोकार्पण करेंगे। वहीं 0.58 लाख रुपये की लागत का गाडरवारा में स्टेडियम में दर्शक दीर्घा का निर्माण कार्य 1.47 लाख रुपये की लागत का निबावर में शासकीय हाईस्कूल भवन का निर्माण कार्य 1.00 लाख रुपये की लागत का शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन तूमड़ा का निर्माण कार्य 304.00 लाख रुपये की लागत का नान्दनेर में मिढ़वानी मार्ग लंबाई 3.66 किलोमीटर 931.00 लाख रुपये की लागत का बनवारी पिपरियाकला मुख्य जिला मार्ग का मजबूतीकरण लंबाई 8.71 किलोमीटर व 209.00 लाख रुपये की लागत का नान्दनेर आलम बाबा से माता मढ़िया तक 2.60 किलोमीटर मार्ग का लोकार्पण करेंगे।

### 46 करोड़ से अधिक की लागत के15 कार्यों का करेंगे भूमिपूजन

उप राष्ट्रपति श्री धनखड़ राज्यपाल श्री पटेल और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा 46.44 करोड़ रुपये की लागत के 15 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया जायेगा। इनमें विधानसभा गोटेगांव के अंतर्गत 68.80 लाख रुपये लागत की गुरुनानक वार्ड नया बाजार में सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्य व 912.51 लाख रुपये लागत की संयुक्त तहसील कार्यालय भवन गोटेगांव का निर्माण कार्य का भूमिपूजन शामिल है। विधानसभा नरसिंहपुर के अंतर्गत 150 लाख रुपये लागत की मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास अंतर्गत नरसिंह तालाब का सौन्दर्यकरण कार्य 50 लाख रुपये लागत की मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास अंतर्गत चिल्ड्रन्स पार्क का विस्तार कार्य 150 लाख रुपये लागत की विशेष निधि अंतर्गत गांधी चौराहा से सीईओ बंगला तक उत्कृष्ट सड़क निर्माण कार्य 177.35 लाख रुपये लागत की आमगांव से दिल्हेरी मार्ग के चैनेज 2950 मीटर में सिमरिया नाले पर पुल निर्माण कार्य लंबाई 22.24 मीटर 912.51 लाख रुपये लागत की संयुक्त तहसील कार्यालय भवन नरसिंहपुर का निर्माण कार्य 139.99 लाख रुपये की लागत का केरपानी से हथिया टोला की ओर केरपानी में ग्रेवल सड़क निर्माण कार्य व 134.29 लाख रुपये की लागत का राजा हिरदेशाह किले से नर्मदा घाट केरपानी में घाट निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया जायेगा। विधानसभा क्षेत्र तेंदूखेड़ा के अंतर्गत 97.91 लाख रुपये लागत की लिंगा भौरझिर में नर्मदा घाट 371.28 लाख रुपये लागत की कोठिया में नर्मदा घाटए 97.91 लाख रुपये लागत की लिंगा भौरझिर से नर्मदा घाट 371.28 लाख रुपये लागत की कोठिया से नर्मदा घाट का भूमिपूजन शामिल है। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र गाडरवारा के अंतर्गत 912.51 लाख रुपये लागत का संयुक्त तहसील कार्यालय भवन गाडरवारा के निर्माण कार्य व 101.04 लाख रुपये की लागत का सोकलपुर से सोकलपुर आश्रम तक सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन करेंगे।

# ग्राम जमाड़ा की आदिवासी छात्रा कु.राधा गौड़ बनी सहायक प्राध्यापक



. **जागरण गाड़रवारा।** मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग एमपीपीएससी द्वारा आयोजित सहायक प्राध्यापक परीक्षा 2022 का फइनल परीक्षा परिणाम विगत दिवस घोषित किया गया है जिसमें ग्राम जमाड़ा की आदिवासी छात्रा कुमारी राधा बाई गोंड़ का चयन हुआ है ज्ञात होकि उक्त पद की पूर्ति के लिए सहायक अध्यापक इतिहासद्धपरीक्षा 2022 दिनांक 9.6.2024 को आयोजित की गई थी आयोग द्वारा लिखित परीक्षा परिणाम दिनांक 25.9.2024 को घोषित किया गया उक्त परीक्षा में पास आवेदकों का साक्षात्कार दिनांक 17. 2. 2025 से 21. 2ए 2025 तक आयोजित के उपरांत दिनांक 23.5.2025 को मुख्य चयन परीक्षा परिणाम जारी किया गया है जिसमे कुमारी राधा गोंड़ का चयन उच्च शिक्षा विभाग में इतिहास विषय के सहायक प्राध्यापक पद पर चयन हुआ हैएबता दें कि राधा बिटिया के पिता स्वर्गीय हुकुमचंद ठाकुर कोरोना काल में अल्पायु में निधन हो गया था उसके उपरांत भी ग्राम से लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर खेत पर अपनी मां दादी भाई.बहन चाचा चाची के साथ निवास करती हैं गांव से एक किलोमीटर दूर खेत पर बरसात में आने जाने के लिए कीचड़ से पैदल आना जाना रहता है इन सभी संघर्षों को झेलते हुए घर पर बिना किसी कोचिंग के सहारे संपूर्ण शिक्षा सरकारी स्कूल में हुई उसके उपरांत बिटिया कुमारी राधा ने न केवल अपने परिवार का नाम रोशन किया अपितु समस्त आदिवासी समाज ग्राम क्षेत्र का नाम रोशन किया है एनिश्चित ही बिटिया की इस उपलब्धि पर अन्य छात्राओं के मन में भी आगे पढ़ने लिखने की प्रेरणा मिलेगी बिटिया की इस उपलब्धि पर देवराज गुर्जर जमाड़ा मोहरकांत सिंह पटेल विश्वनाथ सिंह पटेल रिटायर्ड डीएसपी बलवंत सिंह गुर्जर राजाभैया मड़वार राजेश गुर्जर जमाड़ा राहुल गुर्जर मानक सिंह ठाकुर शिवराज सिंह मड़वार वसंत ठाकुर रोहित सिंह धर्मेंद्र सिंह साहू गिरिराज सिंह कीर्तिराज सिंह श्रीराज गुर्जर सचिव इजाज खान आदि शुभ चिंतको ने बधाइयां एवं शुभकामनाएं प्रेशित की है।

### गाडरवारा रेलवे स्टेशन पर स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत साफ सफाई का आयोजन




**जागरण गाड़रवारा।** एनटीपीसी द्वारा गाडरवारा रेलवे स्टेशन पर स्वच्छता पखवारा अभियान के तहत साफ सफाई का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य स्टेशन परिसर और उसके आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ और सुरक्षित बनाना है। एनटीपीसी गाडरवारा के कर्मचारियों और अधिकारियों ने इस अभियान में बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया और स्टेशन के विभिन्न हिस्सों की सफाई की।इस स्वच्छता अभियान के दौरान स्टेशन की प्लेटफार्मए प्रतीक्षालयए सीढ़ियों और अन्य सार्वजनिक स्थलों की सफाई की गई। कर्मचारियों ने सफाई के साथ.साथ यात्रियों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक भी किया। प्लास्टिक के कचरे को अलग करके उसका उचित निपटान किया गया और यह सुनिश्चित किया गया कि स्टेशन परिसर कचरा मुक्त और स्वच्छ बना रहे।इस अभियान के तहत सभी ने यह सपथ लिया कि स्टेशन को साफसुथरा रखने हेतु 100 लोगों को प्रेरित करना और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना।

**दो मंजिला मकान बेचना है**

51×33 में निर्मित भूखण्ड
56×35=1960 वर्गफुट
सांई मंदिर, मंगलवारा बाजार के पीछे सीमेंट रोड पर स्थित अम्बेडकर वार्ड मुलताई
मकान मालिक–**अहिल्या अनंतराम पवार**
मो. 9425657236

## न्यूज कार्नर

### कृषि आदान विक्रेता संघ का गठन



**जागरण, टिमरनी।** रविवार को कृषि आदान विक्रेता संघ हरदा की नवीन जिला एवं तहसील कार्यकारणी का गठन हुआ, जिसमें सर्व सम्मति से श्याम महेश्वरी को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उपाध्यक्ष राजेश पटेल हरदा, विनोद पटेल सोडलपुर, कोषाध्यक्ष आनद अग्रवाल हरदा, सचिव जितेंद्र व्यास हरदा, सहसचिव भगवान सिंह राजपूत, मीडिया प्रभारी संदीप सिंह राजपूत, प्रदेश प्रतिनिधि बालकृष्ण पाटिल रहटगांव की नियुक्ति हुई। तहसील अध्यक्षों की भी नियक्ति की गई जिसमें सिराली अध्यक्ष राजेश कुशवाह, हरदा राजेश दुबले, खिरकिया पंकज अग्रवाल, रहटगांव प्रभुदयाल गौर, टिमरनी ओम प्रकाश गुर्जर बनाए गये। संरक्षक मंडल में भरत हेडा, विजय सिंह टाडा, मुकेश गर्ग, रामदीन सिरोही, संदीप सिंह राजपूत को शामिल किया गया। उपस्थित सभी खाद-बीज, दवाई विक्रेताओं ने सभी पदाधिकारियों को बधाई दी।

### नि:शुल्क जल वितरण सेवा में किया सहयोग



**जागरण, टिमरनी।** निःशुल्क जल वितरण सेवा समिति में स्वर्गीय पंडित विष्णु प्रसाद शर्मा की पुण्यतिथि पर उनके सुपुत्र डॉ राजेंद्र प्रसाद शर्मा एवं स्वर्गीय श्रीमती लक्ष्मीबाई बौरासी के सुपुत्र दुर्गा प्रसाद बौरासी एवं श्याम लाल बौरासी के द्वारा जल वितरण की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर शर्मा परिवार के द्वारा जल वितरकों के लिए गन्ने के रस की व्यवस्था की गई एवं जल वितरकों के स्वास्थ्य के लिए ओआरएस के पैकेट की व्यवस्था की गई। आगामी कार्यक्रमों में जल वितरकों के उत्तम स्वास्थ्य के लिए ओआरएस के पैकेट देने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान आरएसएस के स्वयंसेवकों ने भी योगदान दिया। इस अवसर पर शीतल जैन, वीरेंद्र गुर्जर, देवेंद्र मुकाती, ज्ञान दास गुर्जर, अरुण कुमार तिवारी, दीपक पटवारे, अंकित कनेरे, अमित परदेसी, दिनेश कौशल उपस्थित रहे। उन्होने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर निःशुल्क जल वितरण सेवा समिति द्वारा आभार प्रकट सतीश शुक्ला, नीतू, पप्पू धनगर, कल्लूपाल, भारत सिंह ने किया।

### व्यक्तित्व विकास शिविर आज से

**जागरण, हरदा।** रमन क्षेत्रीय संसाधन केंद्र हरदा के तत्वावधान में 6 से 14 वर्ष के आयु वर्ग के छात्र-छात्राओं हेतु ग्रीष्मकालीन व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन रमन संसाधन केंद्र के बाहेती कॉलोनी स्थित भवन में 26 से 31 मई तक किया जा रहा है। आयोजकों की ओर से सुश्री शोभा बाजपेई ने बताया कि वनमाली सृजन केंद्र हरदा, संभावना विचार मंच, लायंस क्लब, प्रेम शंकर रघुवंशी फाउंडेशन हरदा, मध्य प्रदेश राष्ट्रभाषा प्रचार समिति की जिला इकाई एवं चहक पुस्तकालय एवं गतिविधि केन्द्र हरदा के सहयोग से आयोजित इस शिविर में व्यक्तित्व विकास, क्ले मॉडलिंग, पेंटिंग, आर्ट एवं क्राफ्ट की विभिन्न गतिविधियों के साथ-साथ आउटडोर गेम्स, योग एवं आत्मरक्षा के प्रमुख कौशलों को विकसित करने हेतु छात्रों को तैयार किया जाएगा। सुश्री शोभा बाजपेई ने बताया कि शिविर संयोजक श्रीमती अंजू भायरे होगी।

### खंड स्तरीय शिविर आज हरदा में

**जागरण, हरदा।** जिले में पात्र बेरोजगार युवक-युवतियों के लिये सिक्युरिटी गार्ड व सुपरवाइजर की भर्ती के लिये विकासखण्ड स्तर पर शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला परियोजना प्रबन्धक राम निवास कालेश्वर ने बताया कि एसएससीआई लिमिटेड जशपुर द्वारा सिक्युरिटी गार्ड व सुपरवाइजर भर्ती के लिये विकासखण्ड स्तर पर शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। उन्होने बताया कि जनपद पंचायत हरदा में विकासखण्ड स्तरीय शिविर 26 व 27 मई को आयोजित होगा। इसके अलावा जनपद पंचायत खिरकिया में 28 व 29 मई को शिविर का आयोजन किया जाएगा।

---

**सौंदर्य एवं सुव्यवस्थित नगर के स्थान पर अव्यवस्था दिख रही हावी**

# शहर में जगह-जगह अतिक्रमण बना नासूर, आवागमन में हो रही परेशानी



### घंटाघर क्षेत्र में जस की तस अतिक्रमण की समस्या

**जागरण, हरदा।** शहर के मध्य में स्थित घंटाघर क्षेत्र में अतिक्रमण की समस्या बदस्तूर जारी है। प्रमुख मार्गों के दोनों ओर दुकानदारों और ठेले वालों द्वारा किए गए अतिक्रमण ने न केवल आवागमन को बाधित किया है, बल्कि विवादों को भी जन्म दिया है। प्रशासन की बार-बार कोशिशें बेअसर साबित हुई हैं, और नगर पालिका की औपचारिक बैठकें भी कोई ठोस समाधान नहीं ला सकीं।

### जाम और विवाद का कारण बन रहा अतिक्रमण

अतिक्रमण के कारण शहर के प्रमुख मार्गों पर आए दिन जाम की स्थिति बन रही है, जिससे आमजन परेशान हैं। कपड़ा मार्केट और सब्जी मार्केट जैसे व्यस्त इलाकों में दुकानदार स्वयं अपनी दुकानों के सामने अतिक्रमण कर वाहनों को चिन्हित स्थानों पर पार्क करने से रोकते हैं। इससे न केवल विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है, बल्कि यातायात व्यवस्था भी चरमरा जाती है।

### इन स्थानो पर सबसे अधिक है यातायात का दबाव

शहरवासियों का कहना है कि अतिक्रमण और यातायात की समस्याओं ने उनका जीना मुहाल कर दिया है। प्रशासन की निष्क्रियता और समाधान के अभाव में यह समस्या दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। अब समय आ गया है कि प्रशासन जागे और शहर को इस नासूर से मुक्ति दिलाने के लिए ठोस कदम उठाए। विशेषकर पोस्ट ऑफिस चौक, सत्यनारायण मंदिर चौक, चांडक चौराह, बड़ा मंदिर चौराह, सोमानी चौक, जिला अस्पताल चौक पर सबसे अधिक यातायात का दबाब बना रहता है। विशेषकर नवागत कलेक्टर सिद्वार्थ जैन से अपेक्षा है कि वे इसके लिए कोई ठोस नीति बनाकर इस दुव्यवस्था को सुव्यवस्था में बदलेंगे।

### बैंकों के सामने पार्किंग की कमी, बढ़ी परेशानी

शहर के अधिकांश बैंकों के सामने पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं है, जिसके कारण ग्राहकों को वाहन खड़ा करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। नपा द्वारा बनाए गए पेड पार्किंग स्थलों का भी कोई उपयोग नहीं हो रहा, क्योंकि लंबे समय से इनके लिए टेंडर लेने वाला कोई नहीं मिला है।

### सिग्नल बंद, पुलिस चालान वसूली तक सीमित

शहर में यातायात सिग्नल लंबे समय से बंद पड़े हैं, जिससे यातायात व्यवस्था और बिगड़ रही है। यातायात पुलिस व्यवस्था को सुचारू करने के बजाय चालान वसूली में अधिक सक्रिय दिखती है। केवल मंत्रियों या वीईपी के दौरे या विशेष आयोजनों के दौरान ही पुलिस सक्रियता दिखाई देती है, जो शहरवासियों की समस्याओं के प्रति उदासीनता को दर्शाता है।

### प्रशासनिक नाकामी और समाधान की जरूरत

अतिक्रमण की समस्या अब शहर के लिए नासूर बन चुकी है। विशेषज्ञों का मानना है कि इसके लिए ठोस नीति, नियमित निगरानी और कड़ाई से कार्रवाई की आवश्यकता है। नपा और प्रशासन को केवल बैठकें करने के बजाय जमीनी स्तर पर प्रभावी कदम उठाने होंगे। साथ ही, पेड पार्किंग और यातायात सिग्नलों को सुचारू करने के लिए तत्काल प्रयास किए जाने चाहिए।

---

# मानसून कप पर टिमरनी सिटी इलेवन ने जमाया कब्जा

**कृष्णा को दिया मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार**



**जागरण, टिमरनी।** एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल के मैदान में मानसून कप का फाइनल मैच टिमरनी सिटी इलेवन बनाम हरदा सिटी इलेवन के बीच खेला गया। इस मैच में टिमरनी सिटी इलेवन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। यह फैसला टिमरनी के लिए काफी अच्छा साबित हुआ। मैच के तीसरे ओवर में ही हरदा टीम की रीढ़ की हड्डी माने जाने वाले बल्लेबाज संचित को टिमरनी के गेंदबाज सक्षम बरमाइया ने सस्ते में आउट कर दिया। इसके पश्चात हरदा टीम के रनों की रफ्तार काफी धीमी हो गई। फिर भी हरदा के बल्लेबाज मोहित ने एक छोर संभालते हुए अपना अर्धशतक पूरा किया और टीम को एक अच्छे लक्ष्य तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टिमरनी की ओर से सक्षम, प्रबल वर्मा, प्रकल्प तिवारी, अनंत रहाणे एवं नितिन पंवार ने काफी कसी हुई गेंदबाजी की। निर्धारित 20 ओवरों में हरदा की टीम 142 रन बनाने कामयाब रही। 143 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी टिमरनी सिटी इलेवन ने अच्छी शुरुआत की। ओपनर बल्लेबाज पियूष लववंशी ने धमाकेदार चौकों-छक्कों से टीम को जबरदस्त स्टार्ट दिलवाया। इसके बाद कृष्णा पटवारी ने अपनी तेज तर्रार पारी से टीम को लक्ष्य के और करीब ला दिया। टिमरनी के कप्तान अथर्व बिल्लोरे ने अंत तक खेलते हुए आखिरी ओवर की 4 गेंद शेष रहते मैच को जीतकर फाइनल की ट्रॉफी अपने कब्जे में कर ली। 37 रनों की मैच जिताऊ पारी के लिए कृष्णा पटवारी को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। इससे पूर्व टिमरनी से शिक्षक प्रतीक मुहाले ने टॉस करवाते हुए इस फाइनल मुकाबले की शुरुवात करवाई। मैच के दौरान पूर्व क्रिकेटर राजेश कौशल, राकेश भिलाला, निमिष गर्ग, हिमांशु शुक्ला, नरेंद्र सोलंकी, दीपक बिल्लोरे, कमलेश कौशल, अंकित कनेरे, समाजसेवी रितेश तिवारी, राजीव वर्मा, संजय पटवारी, संजय दोगने, सौरभ शर्मा, चंदन शंगुल्य, मंथन, अनिकेत, दिगंबर इत्यादि ने खिलाड़ियों को क्रिकेट से संबंधित बारीकियां समझाई। अंत में टिमरनी के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर एवं इस आयोजन के मुख्य मार्गदर्शक उपेंद्र गदरे, मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोशियेशन हरदा के मानसेवी सचिव हेमंत गोस्वामी एवं एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल के निदेशक सचिन बलवटे ने विजेता टीम को ट्रॉफी दी।

---

# रेत के अवैध परिवहन की रोकथाम के लिए गोंदागांव में बनाए अस्थाई मार्ग को तोड़ा

**पुलिस, राजस्व एवं खनिज विभाग के संयुक्त निरीक्षण दल ने की कार्रवाई**



**जागरण, हरदा।** हरदा जिले में कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के मार्गदर्शन में रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन के राजस्व, पुलिस एवं खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में रविवार को गोंदागांव में गंजाल नदी पर बने अस्थाई रास्ते को जेसीबी के माध्यम से तोड़ने की कार्यवाही की गई। जिला खनिज अधिकारी आरपी कमलेश ने बताया कि रविवार को पुलिस, राजस्व एवं खनिज विभाग के दल द्वारा गोंदागांव में गंजाल नदी तट पर निरीक्षण के दौरान एक अस्थाई कच्चा मार्ग पाया गया जो कि रेत के परिवहन में प्रयुक्त हो रहा था। उन्होंने बताया कि इस मार्ग का उपयोग नर्मदापुरम जिले के रामगढ़ स्थित रेत खदान से डंपर एवं अन्य वाहनों से रेत के परिवहन में किया जा रहा था। रविवार को पुलिस, खनिज और राजस्व विभाग के दल द्वारा जेसीबी के माध्यम से इस मार्ग को तोड़ने की कार्यवाही की गई, ताकि रेत के अवैध परिवहन को प्रभावी तरीके से रोका जा सके। खनिज अधिकारी कमलेश ने बताया कि आगे भी इस क्षेत्र में वाहनो के आवागमन पर सतत निगरानी रखी जावेगी तथा जिले में खनिज के अवैध उत्खननए परिवहन और भंडारण के रोकथाम की कारवाई लगातार जारी रहेगी।

---

# अजनाल नदी में अज्ञात युवक का तीन दिन पुराना शव उतराता मिला, पुलिस जांच में जुटी

**जागरण, हरदा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र की अजनाल नदी में आज सुबह लगभग 9 बजे एक अज्ञात युवक का शव मिला। पेड़ी घाट पर नहाने आए लोगों ने शव को देखा और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने अज्ञात शव होने के कारण उसे जिला अस्पताल की मरचुरी में रखा है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह एक अज्ञात व्यक्ति अजनाल नदी के सामने बैरागढ़ तरफ नदी में उतराता हुआ दिखाई दिया। पुलिस को सूचना मिलने के बाद नगर पालिका के कर्मचारी जुमा शेख और जावेद शेख ने पानी में जाकर शव की पुष्टि की। अज्ञात युवक की उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष होने का अनुमान लगाया जा रहा है। मृतक के गले में एक ताबीज था और शरीर पर केवल अंडरवियर था। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि युवक की मृत्यु नहाने के दौरान डूबने से हुई होगी। पुलिस ने घाट के आसपास कपड़े तलाशने का प्रयास भी किया, परंतु सफलता हाथ नहीं लगी। पुलिस के अनुसार शव लगभग 3 से 4 दिन पुराना होने के कारण सड़ गया था और फूलने के बाद पानी की सतह के उपर आकर दिखने लगा था। शव किसका है शिनाख्त करने की कोशिश की परंतु फिलहाल शव के बारे में किसी ने पुष्टी नहीं की है। पुलिस ने शव को पानी से बाहर निकालकर जिला अस्पताल की मर्चुरी में रखवाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतक की पहचान के लिए जांच शुरू कर दी है।

### बाइक की टक्कर में घायलों को पत्रकार ने अस्पताल तक पहुंचाया



**जागरण, हरदा।** हरदा से हंडिया जाते समय इंदोर रोड पर कुसिया और बागरूल के पास दो बाईकों की आमने-सामने भिडंत हो गई, जिसमें बाइक सवार पति-पत्नि घायल हो गये थे। उसी दौरान हंडिया से अपनी कार से लौट रहे पत्रकार जफर अंसारी ने घायलों को देख तुरंत उन्हें अपनी कार से जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उन्हें चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई, जिससे उनकी तबियत में सुधार है। जानकारी अनुसार घायल युवक का नाम आकाश सकतपुरिया पिता मनोहर जो हरदा स्थित भाटिया पब्लिक स्कूल के पास का रहने वाला है। पत्रकार द्वारा की गई इस मानवीय कार्य की सराहना की जा रही है।

---

### अग्निकांड पीड़ित परिवारों के लिए प्रशासन से मांगी मदद



**जागरण, खिरकिया।** छीपाबड नप के वार्ड नबंर 12 में विगत दिनों हुए अग्निकांड में जीतेन्द्र पिता मोहन बारेला निवासी सुंदरपानी एवं बुल सिंह पिता भगवान सिंह निवासी गुडी की झोंपडी पूरी तरह जल गयी थी, जिससे इन परिवारों पर खाने-पीने एवं रहने का संकट आ गया है। उल्लेखनीय है कि ये दोनों परिवारों के मुखिया मजदूरी करके अपने परिवार का गुजर बसर करते हैं। जनजागृति मंच ने जाकर इन परिवरों को एक माह की राशन सामग्री, कपडे एवं अन्य मदद की है। जन जागृति मंच के सदस्यों पंकज सांड, सुनील जैन, दुर्गादास पाटिल, राजेश मालू, शैलेन्द्र राय ने एसडीएम खिरकिया अशोक डेहरिया से मिलकर इन गरीब परिवारों के लिए शासकीय स्तर पर आर्थिक मदद की मांग की है, जिससे ये गरीब परिवार अपना गुजर बसर कर सकें। एसडीएम अशोक डेहरिया ने आश्वस्त किया कि प्रभावित परिवारों को शीघ्र ही शासन की और से आर्थिक मदद दी जावेगी।

---

**भगवान शांतिनाथ के त्रय कल्याणक पर जैन समाज ने किया भव्य आयोजन**

# भगवान का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन और 21 हजार मंत्रों के उच्चारण के साथ किया हवन




**जागरण, हरदा।** श्री दिगम्बर जैन समाज के सोलहवें तीर्थंकर भगवान 1008 श्री शांतिनाथ स्वामी के जन्म, तप ओर मोक्ष कल्याणक के अवसर पर जैन समाज ने विश्वशांति की कामना के साथ शांतिधारा, हवन पूजन का भव्य संगीतमय आयोजन किया। उक्त जानकारी देते हुए जैन समाज के कोषाध्यक्ष राजीव जैन ने बताया कि आज जेष्ठ कृष्ण तेरस को भगवान श्री शांतिनाथ स्वामी के तीन कल्याण होने पर मंदिरजी में हर्षोल्लास से विश्वशांति की कामना करते हुए प्रातः काल भगवान के अभिषेक, शांतिधारा, पूजन ओर 21 हजार मंत्रों से हवन किया गया। संध्या के समय भव्य संगीतमय आरती की गई। रात्रि में णमोकार महामंत्र पाठ एवं भजन आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। सोमवार को भगवान शांतिनाथ भगवान का जन्म व तप व मोक्ष कल्याणक महोत्सव दिवस पर मंगलाष्टक, अभिषेक ओर शांतिधारा 108 कलशों से रिद्धी-सिद्धि मंत्रों के साथ किया जावेगा। तत्पश्चात पश्चात पूजन व निर्वाण लाडू चढ़ाया जावेगा।

जैन समाज के अध्यक्ष सुरेन्द्र जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि भगवान शांतिनाथ स्वामी के त्रय कल्याणक का नगर में विशेष महत्व है, क्योंकि नगर के दिगम्बर जैन मंदिर में नर्मदा नदी नेमावर से स्वप्न देकर दो सौ वर्ष पूर्व स्वयं प्रगट हुई चतुर्थ कालीन भगवान शांतिनाथ कि प्रतिमा मूलनायक के रूप में विराजमान है। नगर के जैन बंधुओं की भगवान शांतिनाथ स्वामी पर विशेष आस्था है, इसलिए भगवान के त्रय कल्याणक को लेकर समाज में हर्ष का वातावरण है। समाज के नवयुवकों के द्वारा पूर्ण मनोयोग से आयोजन को भव्यता प्रदान कि गई है। आयोजन में विशेष रूप से रूपेश गंगवाल, वैभव रपरिया, अंकित सिंघई, अनुराग रपरिया, गौरव बाकलीवाल, अभिषेक रपरिया, महेंद्र पाटनी, वैभव समैया, सिद्धांत पाटनी, संजय पाटनी, अर्पित लहरी, ऋषभ रपरिया, सौरभ सिंघई, सपन बजाज, हर्षित मनोज जैन के द्वारा अपनी सहभागिता दर्ज की गई।

---

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया जल बचाने का संदेश



### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित

**जागरण, खिरकिया।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार एवम जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक संदीप गोहर, ब्लॉक समन्वयक विनीता शाह के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं द्वारा जल संरक्षण पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जल बचाने का संदेश दिया गया। ऋषि विश्नोई द्वारा बताया गया इस प्रकार के छोटे-छोटे प्रयासों से लोगों को समझा सकते हैं की जल की एक-एक बूंद कीमती है। नाटक के जरिए दिखाया गया कि पानी की कमी होने पर किस प्रकार आपसी मतभेद बढ़ते हैं, लड़ाई झगड़े होते हैं, जल की एक-एक बूंद के लिए लोग खून के प्यासे हो जाते हैं। कितने संघर्षों के बाद घर की महिलाएं एवं बच्चे तक परेशान होकर एक-एक घड़ा पानी लाने के लिए संघर्ष करते हैं, इसीलिए बारिश के समय हमें ज्यादा से ज्यादा जल को भूमिगत करने का प्रयास करना चाहिए। हमारे दैनिक जीवन में जल की एक-एक बूंद बचाने के लिए हमेशा प्रयासरत रहना चाहिए। सार्वजनिक स्थलों पर जहां भी हमें नलों से पानी टपकता दिखाई दे, नल की टोटी चालू रहे वहां उसे बंद करने का प्रयास करें एवं जल की हर बूंद बढ़ाने का संकल्प लें, क्योंकि पानी को बनाया नहीं जा सकता, बस बचाया जा सकता है। जल है तो कल है, जल ही जीवन है आदि नारों के माध्यम से भी जागरूकता लाने का प्रयास किया गया।

रेशम योगी एवम डाली राजपूत द्वारा जल संरक्षण हेतु शपथ दिलाई गई। कीर्ति रूनवाल, साधना मालवीय, सुनील मंडराई, स्वाति, गोपाल, राजकुमार, श्वेता, रानी द्वारा सहभागिता की गई। परामर्शदाता मुकेश कुम्हारे, अपेक्षा दशोरे, ऋषि विश्नोई, अंजना श्रीवास्तव, मनोज राय उपस्थित रहे। ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सारंगपुर से आशीष राजपूत, बिचपुरी से सुनील उपस्थित रहे।